an>

Ttile: Regarding establishment of mega cluster for wood carving industry of Saharanpur, Uttar Pradesh -laid.

श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर): लकड़ी पर नक्काशी से विदेशों में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले सहारनपुर काष्ठ कला उद्योग से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 2 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त होता है । इस उद्योग से 1000 करोड़ रुपए का निर्यात होता है, जिससे भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है और सरकार को राजस्व में बढ़ोतरी होती है ।

सहारनपुर का काष्ठ कला उद्योग दुनिया के नक्शे पर हस्तकला के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है । भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हैण्डीक्राफ्ट मेगा कलस्टर योजना के अंतर्गत जैसे उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर, लखनऊ और बरेली में मेगा कलस्टर स्थापित किए गए हैं । इसी तरह सहारनपुर काष्ठ कला उद्योग को वस्त्र मंत्रालय की योजना के अंतर्गत मेगा कलस्टर के रूप में स्थापित किया जाए जिससे काष्ठ कला उद्योग के उत्पादन व निर्यात में वृद्धि होगी तथा लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे ।